प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

कांग्रेस नामांकन

प्रदेश में आगामी एक जून को चार सीटों पर होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। आज तीसरे दिन मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह मंडी में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू , उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इसी बीच कांगड़ा–चंबा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार आनंद शर्मा भी दोपहर बाद कांगड़ा में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

उधर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप–चुनावों के लिए लाहौल–स्पीति से भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर और कुटलहैड से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भूटटो भी आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व छह विधानसभा क्षेत्रों में उप–चुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार में जुटे हैं। इसी कड़ी में आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज ऊना जिला के थाना कला में कुटलेहड़ मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद हमीरपुर जिला के धनेटा, नादौन, ग्वालपत्थर, झलान और कमलाह में जनसभाएं करेंगे। उधर मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस प्रदेशध्यक्ष प्रतिभा सिंह मंडी में पार्टी प्रत्याशी विकमादित्य सिंह के पक्ष में जनसभाएं करेंगे।

टिकट

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने धर्मशाला से विधानसभा उप–चुनाव के लिए देवेंद्र सिंह जग्गी को पार्टी प्रत्याशी घोषित कर दिया है। उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा से होगा। एक जून को ही लोकसभा चुनावों के साथ प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर उप–चुनाव होने है। उधर लाहौल–स्पीति से भाजपा के पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस से बागी पूर्व विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होते ही उन्हें टिकट दिए जाने से मारकंडा नाराज थे।

क्रिकेट

धर्मशाला स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज 13वां आईपीएल मुकाबला पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर बेंगलूरू के बीच खेला जाएगा। इस मैच में बेंगलुरू के स्टार खिलाडी विराट कोहली को खेलते हुए देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मैच आज शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में सुबह की शुरूआत हल्के बादलों के साथ हुई। मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में आगामी 6 दिनों तक आंधी तुफान, वर्षा व उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 11 से 13 मई तक अधिकांश क्षेत्रों में वारिश की संभावना जताई गई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने हाईकोर्ट में निर्दलीय विधायकों के मामले से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के मामले में दोनों न्यायाधीशों में नहीं बनी सहमति, हाईकोर्ट में हुई सुनवाई अब तीसरा जज सुनेगा मामला। दैनिक जागरण का शीर्षक है –तीन निर्दलीय विधायकों का त्यागपत्र स्वीकार करने से हाईकोर्ट का इंकार–कहा कोर्ट विधानसभा सदस्यों के त्यागपत्र स्वीकृत करने की शक्तियां नही रखता। दिव्य हिमाचल लिखता है –निर्दलीय विधायकों को राहत नहीं–सीमित शक्तियों का हवाला देते हुए इस्तीफा स्वीकार करने से इंकार। पंजाब केसरी, दैनिक सवेरा टाईम्स, हिमाचल दस्तक और आपका फैसला का लगभग एक सा शीर्षक है –निर्दलीय विधायकों को हाईकोर्ट से राहत नहीं।

पंजाब केसरी जेपी नड्डा के हवाले से लिखता है –राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर चलते है लेकिन उसे पढ़ते नहीं। इसी खबर पर दैनिक जागरण के शब्द है –चमड़ी व रंग के आधार पर देश को बांटने की साजिश रच रही कांग्रेस। दैनिक सवेरा टाईम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से सुर्खी दी है –मोदी सरकार ने बिना जाती धर्म देखे किया सबका विकास।

दैनिक सवेरा ने शीर्षक दिया है –धर्मशाला से पूर्व मेयर देवेंद्र सिंह जग्गी होंगे कांग्रेस के प्रत्याशी।

वहीं हिमाचल दस्तक ने एक अन्य खबर को सुर्खी दी है–ठियोग के मतियाना में जमीन विवाद के चलते चाचा ने भतीजे और दो अन्य पर चलाई गोलिया। दिव्य हिमाचल की एक खबर है–वॉटर सेस बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार। धर्मशाला में पंजाब–आरसीबी के बीच मुकाबला आज–पंजाब केसरी की एक खबर।